End Semester Examination, 2021

Semester - III

Hindi

PAPER - CC-5

Full Marks : 60

Time : 3 Hours

1) **किन्हीं दस प्रश्नों के उत्तर दीजिए :-** **2×10=20**

i) `प्रयोगवाद' की शुरुवात कब और कैसे हुई ?

ii) "नागार्जुन" द्वारा रचित दो काव्य-संग्रह के नाम बताइए ।

iii) "अज्ञेय" के दो काव्य-संग्रह के नाम बताइए ।

iv) "नाश और निर्माण" किसकी रचना है ? यह कब प्रकाशित हुई थी ?

v) गिरिजा कुमार माथुर को कब और किस रचना के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला ?

vi) "कुरुक्षेत्र" कितने सर्गो में रचित है एवं इसके दो प्रमुख पात्रों के नाम बताइए।

vii) `दिनका कर' और `अज्ञेय' का पूरा नाम लिखिए ।

viii) "उर्वशी" और "रश्मिरथि" के रचनाकार कौन हैं ?

ix) कवि केदारनाथ अग्रवाल की दो प्रगतिवादी कविताओं का उल्लेख करें ।

x) "तार सप्तक" के दो कवियों के नाम बताइए ।

xi) "यह दीप अकेला" किसकी रचना हैं ? `दीप' किसका प्रतीक है ?

xii) "आदमी का अनुपात" के कवि कौन हैं ? कवि क्यों अनुपात की बात करता है।

xiii) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना की किसी दो काव्य-कृतियों का उल्लेख करें ।

xiv) "साँप" कविता का प्रतिपाद्य पाँच पंक्तियों में स्पष्ट कीजिए ।

xv) "लीक पर वे चले" से कवि का क्या तात्पर्य है ?

(Turn Over)

2) **किन्हीं चार काव्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :-**
5×4=20

i) "पर पीड़ा से पूर-पूर हो
थक-थक कर औ चूर-चूर हो
अमल-धवल गिरि के शिखरों पर
प्रियवर ! तुम कब तक सोये थे ?
रोया यक्ष कि तुम रोये थे !"

ii) "समर निंद्य है धर्मराज, पर,
कहो, शआन्ति वह क्या है,
जो अनीति पर स्थित होकर भी
बनी हुई सरला है ?"

iii) "यह वह विश्वास, नहीं जो अपनी लघुता में भी काँपा,
वह पीड़ा, जिसकी गहराई को स्वयं उसी ने नापा।"

iv) "न घर-बार मेरा, न उद्देश्य मेरा,
न इच्छा किसी की, न आशा किसी की,
न प्रेमी न दुशमन,
जिधर चाहती हूँ, उधर घूमती हूँ।"

v) "तुम्हारे साथ रहकर
अक्सर मुझे ऐसा महसूस हुआ है
कि दिशाएँ पास आ गयी हैं
हर रास्ता छोटा हो गया है ।"

vi) "इस पर भी आदमी
ईर्ष्या, अहं,स्वार्थ, घृणा, अविश्वास लीन
संख्यातीत शंख-सी दीवारें उठाता है

अपने को दुजे का स्वामी बताता है ।"

vii) "मानव का रचा हुआ सूरज
मानव को भाप बनाकर सोख गया ।
पत्थर पर लिखी हुई यह
जली हुई छाया
मानव की साखी है ।"

3) **निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- 10×2=20**

i) "कुरुक्षेत्र" के उद्देश्य पर विचार कीजिए ।

ii) कवि नागार्जुन आधुनिक चेतना के जनवादी कवि है — स्पष्ट कीजिए ।

iii) कवि गिरिजा कुमार माथुर की कविता में भावात्मक सौंदर्य की व्याख्या कीजिए ।

iv) अज्ञेय की काव्यगत विशेषताओं का विश्लेषण कीजिए ।